अमर उजाला 11/11/2022

# बीआईएस की गतिविधि में लिया भाग



अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग के विद्यार्थियों ने (बीआईएस) ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड की ओर से आयोजित गतिविधि में भाग लिया। इसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। जिसके अंतर्गत प्रत्येक विद्यार्थी ने डोर टू डोर कैंपियन में हिस्सा लिया। इस गतिविधि में 25 स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। जिन्होंने 625 व्यक्तियों के मोबाइल में इस ऐप को सीधा इंस्टॉल करवाया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. वीके जैन ने कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग के विभागाध्यक्ष श्याम रहेजा और गायत्री को सराहना की। वही ब्यूरो ऑफ इंडिया स्टैंडर्ड ने सीधा 1 हजार रुपये की राशि प्रत्येक विद्यार्थी के खाते में डाली। इस गतिविधि से बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला। संवाद